**भारत सरकार**

**संस्कृति मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2354**

**उत्तर देने की तारीख : 13 दिसम्बर, 2021**

## पुस्तकालयों का विकास

**2354. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव :**
**डॉ. सुकान्त मजूमदार :**
**श्री विनोद कुमार सोनकर :**
**श्री भोला सिंह :**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईक :**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के अंतर्गत योजनाओं की निगरानी कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन की योजना-वार स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार का देश में ''प्रत्येक गांव में पुस्तकालय'' की मेगा परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या करण हैं;

(घ) क्या सरकार का राष्ट्रीय सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम अधिनियमित करने का प्रस्ताव है चूंकि केवल कुछेक राज्यों ने पुस्तकालय संबंधी विधान अधिनियमित और कार्यान्वित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में पुस्तकालय क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्तावित/उठाए जाने वाले सुधारात्मक कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**(जी. किशन रेड्डी)**

**संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री**

(क) : जी, हां। सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के अंतर्गत स्कीम की निगरानी की जा रही है। विभिन्न घटकों के कार्यान्वयन की वस्तुस्थिति निम्नानुसार है :

(i) **भारतीय राष्ट्रीय आभासी पुस्तकालय (एनवीएलआई) :-** भारतीय संस्कृति पोर्टल (आईसीपी) की शुरुआत 10.12.2019 को की गई। इसका यूआरएल https://indianculture.gov.in है जो सार्वजनिक डोमेन पर उपलब्ध है।

(ii) **एनएमएल मॉडल पुस्तकालयों का सृजन :-** देश के 27 राज्यों के कुल 49 पुस्तकालयों का आधुनिकीकरण किया गया है।

(iii) **सार्वजनिक पुस्तकालयों का गुणात्मक और मात्रात्मक सर्वेक्षण :-** सर्वेक्षण संबंधी कार्य किया जा चुका है और जिस एजेंसी को यह कार्य सौंपा गया था उसने रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

(iv) **क्षमता निर्माण :-** कुल 33 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिनमें 1356 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।

(ख) से (ड.) : जी, नहीं। भारत के संविधान के अनुसार पुस्तकालय राज्य का विषय है।